0167000

GOVT. BRENNEN COLLEGE CENTRAL LIBRARY THALASSERY

K19U 3348

Reg. No. : ....

Name : ....

I Semester B. A./B.Sc. Degree (CBCSS (OBE) - Regular) Examination, November - 2019

(2019 ADMISSION)

ADDITIONAL COMMON COURSE IN HINDI

1A07 HIN : HINDI KAVITHA

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर **300** शब्दों में लिखिए। **(1 × 7 = 7)**

1. पोस्टर और आदमी कविता की समीक्षा कीजिए।
2. महादेवी वर्मा की रचना शैली पर प्रकाश डालिए।

II. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर **300** शब्दों में लिखिए। **(1 × 7 = 7)**

3. हिन्दी दलित साहित्य में ओमप्रकाश वाल्मीकि के योगदान को रेखांकित करते हुए 'ठाकुर का कुआँ' कविता में अभिव्यक्त व्यंग्य का विस्तार से वर्णन कीजिए।
4. अज्ञेय की कविताओं की विशिष्टताओं को रेखांकित कीजिए।

III. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **125** शब्दों में लिखिए। **(3 × 3 = 9)**

5. तुलसीदास की भक्ति भावना का वर्णन कीजिए।
6. कवि हमसे एक खिड़की खोल रखने को क्यों कहते हैं? और उस खिड़की में से क्या-क्या आने की उम्मीद रखते हैं?
7. कवि निराला भारतवासियों को क्यों और कैसे जगाना चाहते हैं?
8. कबीरदास ने ईश्वर के बारे में क्या कहा है?

IV. किन्हीं **तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **(3 × 3 = 9)**

9. सात समंद की मसि करुँ, लेखनि सब बनराइ।
सब धरती कागद करुँ, प्रभु गुण लिखा ना जाइ।।

10. उगे अरुणाचल में रवि
आई भारती-रति कवि-कंठ में,
क्षण-क्षण में परिवर्तित
होते रहे प्रकृति-पट,
गया दिन, आई रात,
गई रात, खुला दिन
ऐसे ही संसार के बीते दिन, पक्ष, मास,
वर्ष कितने ही हजार -
जागो फिर एक बार!

11. जो दूसरो की बात कहते हैं,
जिनमें आकर्षण है लेकिन जान नहीं,
जो चौराहों पर खड़े रहते हैं,
सबकी राह रोकते हैं, सबको टोकते हैं,
लेकिन किसी से कोई मतलब नहीं रखते,
जिनमें दिल, दिमाग, आत्मा, कुछ भी नहीं है,
महज रंग-गहरा, भड़कीला रंग है,

12. कुआँ ठाकुर का
पानी ठाकुर का
खेत-खलिहान ठाकुर के
गली-मुहल्ले ठाकुर के फिर अपना क्या?
गाँव? शहर? देश?

V. किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर **एक** या **दो** वाक्यों में लिखिए। **(8 × 1 = 8)**

13. कबीर ने सतगुरू की महिमा का वर्णन कैसे किया है?

14. सूरदास के किन्हीं तीन ग्रंथों के नाम लिखिए।

15. अज्ञेय ने हिन्दी कविता में किस आन्दोलन को जन्म दिया और उनके द्वारा संपादित प्रयोगशील कविताओं के प्रथम संग्रह का नाम लिखिए।

16. 'मधुशाला' किसकी रचना है?

17. महादेवी द्वारा लिखित गीत किन-किन संग्रहों में प्रकाशित है? संग्रहों का नाम लिखिए।

18. निराला का अन्तिम संग्रह का नाम क्या है? और कब प्रकाशित हुई थी।

19. तुलसीदास द्वारा रचित कुल कितने ग्रन्थ प्राप्त हैं। इनमें से पाँच महत्वपूर्ण ग्रन्थों का नाम लिखिए।

20. 'सूरसागर' की विशेषता लिखिए।

21. विषय और छन्द की दृष्टि से कबीर की कविता को कितने भागों में बाँटा गया है? उनके नाम लिखिए।

22. बालकृष्ण को अन्य बालक क्यों चुटकी दे देकर हँसते हैं?